OM - 18 - 2021 FINAL FILE_Page 1 and 2 11/29/2021 11:31 AM Page 5



# स्वयं में छिपा है समस्या का समाधान



हमारी हार्टबीट का ग्राफ देखें तो रेखा हमेशा ऊपर-नीचे दिखाई देगी। अगर ग्राफ प्लेट में हमारी हार्टबीट की रेखा सीधी हो जाये तो जीवन समाप्त। ठीक उसी तरह हमारे जीवन में अनुकूलता और प्रतिकूलता जीवन का हिस्सा है। कभी हमारा सुख-शांति में पल बितता है, तो कभी दुःख-अशांति या प्रतिकूलता में। इस तरह से होना ही ज़िंदगी है ऐसा हम कह सकते हैं। हमें जीवन में कठिनाईयां या समस्याएं क्या आती हैं उस पर थोड़ा विचार करेंगे।

हमारा जीवन कम्प्यूटर में की गई प्रोग्रामिंग की तरह है। कम्प्यूटर में जैसी प्रोग्रामिंग करेंगे वैसी ही वो स्क्रीन पर दिखायेगा। अगर प्रोग्रामिंग ठीक नहीं होगी तो हैंग भी हो जाता है। ठीक उसी तरह हमारे जीवन में जो प्रोग्राम भरा है वही जीवन की स्क्रीन पर आता है। वह चाहे निगेटिव हो या फिर पॉज़िटिव। अगर उसमें हमने ही समस्या की प्रोग्रामिंग भरी होगी तो समस्या के रूप में जीवन में सामने आयेगी। अगर खुशी के गीत भरे होंगे तो हमारा जीवन खुशमिजाज दिखाई पड़ेगा। जैसे हम जीते हैं वैसे ही हमारे अवचेतन मन में रिकॉर्ड हो जाता है। और वही रिकॉर्डिंग हमारे जीवन में बजती है। हम जानते हैं कि हमारा अवचेतन मन कैसे कार्य करता है और उसे हम प्रभावित कर परिवर्तन कर सकते हैं या नहीं।

आपका अवचेतन मन सकारात्मक और नकारात्मक दोनों दिशाओं में काम करता है। यह अच्छे और बुरे में फर्क नहीं करता। वह उन विचारों को पोषित करता है जो हम उसमें डालते हैं। चाहे फिर वो पॉज़िटिव हो या फिर निगेटिव। उसमें ये समझ नहीं होती कि ये सही है, ये गलत है। आप उसमें नकारात्मक विचार डालेंगे तो यह असफलता, तनाव और दुःख आपको देगा। अगर इसे अच्छे सकारात्मक विचार देंगे तो खुशी, सफलता और समृद्धि देगा। अवचेतन मन चीज़ें देखता है। वह इमेज की भाषा को जानता है। जैसे ही देखता है उन्हें दर्ज कर लेता है। और फिर जब इनकी ज़रूरत होती है तो उन्हें याद कर इस्तेमाल कर लेता है। जो बात आप अपने बौद्धिक स्तर पर स्वीकार करते हैं, मानते हैं वो आपके अवचेतन मन में भी स्वीकार्य होती है। इसलिए हमें अपने साथ होने वाली नकारात्मक घटनाओं और बातों पर ज़्यादा चकित नहीं होना चाहिए, क्योंकि इन बातों को हमने ही अपने अवचेतन मन में डाला है। हालांकि आप अवचेतन को प्रशिक्षित कर सकते हैं। आपकी सभी समस्याओं का समाधान अवचेतन मन के पास उपलब्ध है। अगर कोई समस्या है तो अपने अवचेतन मन से बात कीजिए। उसके सामने एक सवाल रख दीजिए।

हो सकता है उस सवाल का जवाब तुरंत न मिले। लेकिन अवचेतन लगातार जवाब तलाशता रहता है। भले ही हम कोई और काम कर रहे हैं। फिर एक दिन वह एक व्यवहारिक समाधान लेकर आ जाता है। अवचेतन में असीम शक्ति है। अगर हम सुख-शांति व सकारात्मक हल चाहते हैं तो हमें उसमें अपने अनुकूल प्रोग्रामिंग करनी होगी।

अच्छी प्रोग्रामिंग कैसे और कब कर सकते हैं? हम जानते हैं कि कोई भी कार्य मन स्थिर हो, मन में उमंग हो तब किया जाये तो उसका परिणाम भी वैसा ही होगा।

मनुष्य का मन शांत-चुस्त-दुरुस्त कब होता है? सुबह के समय होता है ना! जब दुनियावी कार्य के प्रभाव से मुक्त होते हैं, हल्के होते हैं। तब अगर सकारात्मक प्रोग्रामिंग कर दी जाये तो वो हमारे बौद्धिक स्तर पर स्वीकार हो जायेगा अर्थात् सकारात्मक संदेश अवचेतन मन में पहुंच जायेगा। हम हमारे जीवन में सुख-शांति-समृद्धि चाहते हैं तो वैसा ही विचार सुबह-सुबह करें। जैसा विचार भरेंगे वैसा ही पायेंगे। आप समस्या का समाधान भीतर से ही पायेंगे।



**सिवानी-हरियाणा।** कृषि राज्यमंत्री जे.पी. दलाल के सेवाकेन्द्र में आने पर ज्ञान चर्चा के पश्चात् उन्हें ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. राजेन्द्र बहन तथा ब्र.कु. निर्मल बहन। साथ हैं नगर पालिका के वाइस चेयरमैन रमेश पोपली।



**रेढ़ाखोल-ओडिशा।** धर्मेन्द्र प्रधान,केन्द्रीय शिक्षा एवं दक्षता विकास मंत्री,भारत सरकार को ईश्वरीय सौगात देते हुए उप सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. मंजु बहन। साथ हैं ब्र.कु. डॉ. भागीरथी भाई तथा ब्र.कु. मिनी।



**अहमदनगर-महा.।** सुप्रसिद्ध अभिनेता तथा महाराष्ट्र के शिरुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. अमोल कोल्हे को परमात्म परिचय देने एवं संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए डॉ. ब्र.कु. दीपक हरके। साथ ही उन्हें माउण्ट आबू आने का निमंत्रण भी दिया।



**वडोदरा-अटलादरा(गुज.)।** उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों के लिए आयोजित 'आध्यात्मिकता के साथ जीवन और व्यापार' विषयक कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के पश्चात् उपस्थित हैं बिज़नेस एंड इंडस्ट्रीज़ विंग की राष्ट्रीय संयोजिका राजयोगिनी ब्र.कु. गीता दीदी, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अरुणा बहन, वडोदरा भाजपा प्रमुख डॉ. विजय भाई शाह, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रमुख डॉ. मितेश भाई शाह, सीआरईडीएआई के प्रमुख प्रीतेश भाई, पॉलीफॉर्म कंपनी के चेयर पर्सन शिविंदर चावड़ा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह, राधिका ज्वैलर्स के ओनर शशीकांत भाई तथा अन्य। कार्यक्रम का शहर के प्रमुख 300 इंडस्ट्रियलिस्ट एवं बिज़नेसमैन ने लाभ लिया।



**फतेहपुर-उ.प्र.।** कैबिनेट मिनिस्टर एवं महामण्डलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति जी को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. नीरू बहन।



**हजारीबाग-झारखंड।** दीपावली महोत्सव पर आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण और गणेश की चैतन्य झाँकी में उपस्थित हैं कांग्रेस की पूर्व विधायक श्रीमति निर्मला देवी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर विजय कुमार सिन्हा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मैनेजर विद्या सिंह, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. हर्षा दीदी तथा अन्य।



**मुम्बई-घाटकोपर(महा.)।** सबअर्बन कलेक्टर मिलिंद बोरिकर को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. शकु दीदी।



**अयोध्या-उ.प्र.।** हनुमान गढ़ी के महंत संजय दास जी से ज्ञान चर्चा करने के पश्चात् ओम शान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते ब्र.कु. सुधा बहन।



**गनौर-हरियाणा।** सेवाकेन्द्र पर आयोजित दीपावली महोत्सव में विधायक निर्मल चौधरी को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अर्चना बहन।



**जबलपुर-कटंगा कॉलोनी(म.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आर्मी कॉलेज ऑफ मटेरियल मैनेजमेंट,जबलपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय 'स्व-प्रबंधन शिविर' के दौरान ब्र.कु. विनीता बहन, ब्र.कु. आरती बहन व भारतीय सेना के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल ब्र.कु. विकास राव चौहान ने कॉलेज के विद्यार्थियों, स्टाफ तथा कॉलेज से जुड़े परिवारों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर कॉलेज के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनायें व्यक्त कीं। कार्यक्रम में लगभग तीन सौ आर्मी पर्सन व उनके परिवारों ने भाग लिया।



**पाटण-सातारा(महा.)।** पी.एस.आई. पाटील साहेब को ज्ञान चर्चा के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. विद्या बहन।



**दुर्ग-छ.ग.।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश श्रीवास्तव को ज्ञान चर्चा के पश्चात् ईश्वरीय पत्रिका व प्रसाद भेंट करते हुए ब्र.कु. रूपाली बहन।



**संगारेड्डी-आ.प्र.।** ज्ञान चर्चा के पश्चात् एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन्स जज,मेदक,बी.पापी रेड्डी को ब्लेसिंग कार्ड देकर उसके बारे में बताते हुए ब्रह्माकुमारी बहन।